[15/2/2024]

प्रश्न सं. [क्र. 765]

विधानसभा अतारांकित प्रश्न क्रमांक 765

परिशिष्ट

श्री अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, इन्दौर म.प्र।

1. महाविद्यालय में मध्यप्रदेश शासन एवं देवी अहिल्या विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित खेल कैलेंडर के अनुसार खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है एवं खिलाडियों की ज्यादा से ज्यादा सहभागिता हो इस हेतु उन्हे प्रोत्साहित किया जाता है।
2. महाविद्यालयीन प्रवेश में खिलाड़ियों को प्रवेश मार्गदर्शी सिध्दात के अनुंरूप प्रवेश नीति के अनुसार वरीयता प्रदान की जाती है।
3. खिलाडियों को प्रोत्साहन हेतु समस्त खिलाडियों को गणवेश प्रदान किये जाते है। महाविद्यालयीन की टीमों का प्रशिक्षण एवं शासन द्वारा निर्धारित यात्रा भत्ता एवं दैनिक भत्तो का भुगतान छात्रों को किया जाता है।
4. महाविद्यालय में खिलाडियों के नियमित अभ्यास हेतु कीडा सामग्री उपलब्ध कराई जाती है। साथ ही किकेट की गतिविधियां नियमित रूप से संचालित हो सकें इसलिए 10 प्रैक्टिस विकेट एवं नेशनल लेवल का टर्फ विकेट बनाकर मेंटेन किया जाता है।
5. महाविद्यालय के उत्कृष्ट खिलाडियों को विशेष अवसर पर मोमेंटो एवं ट्रॉफी प्रमाण पत्रों के द्वारा सम्मानित किया जाता है। उनकी उपलब्धियों का विवरण सामूहिक रूप से विद्यार्थियों एवं अन्य जनों को अवगत कराया जाता है।
6. विद्यार्थियों को शारीरिक शिक्षा एक विषय के रूप में बी.ए एवं बी.कॉम में पढ़ाया जा रहा है जिससें विद्यार्थी भविष्य में अपना कॅरियर शारीरिक शिक्षा के क्षेत्र में बना सके।
7. महाविद्यालय में कीडा गतिविधियों का सुचारू संचलन सुनिश्चित करने हेतु महाविद्यालय में वरिष्ठ कीडा अधिकारी – डॉ. महेन्द्र मिश्रा पदस्थ है।

शासकीय होलकर महाविद्यालय, इन्दौर म.प्र।

1. महाविद्यालयों में विद्यार्थियों के लिये सभी आउटडोर खेलों की सुविधाएँ उपलब्ध है जैसे :– बास्केटबॉल, वॉलीबॉल, क्रिकेट, टेनिस, कबड्डी, खो खो, कुश्ती, हैंडबॉल, फुटबॉल, एथलैटिक्स, जुड़ों, टेबल टेनिस, बैडमिंटन, ताइक्वांडो, वेटलिफ्टिंग, शतरंज आदि।
2. महाविद्यालयीन प्रवेश में खिलाड़ियो को प्रवेश मार्गदर्शी सिध्दात के अनुंरूप प्रवेश नीति के अनुसार वरीयता प्रदान की जाती है।
3. उक्त सभी खेलों में हेतु महाविद्यालय में विद्यार्थियों का कैंप लगाया जाता है जिसमें विद्यार्थियों को पोशक स्वल्पाहार प्रदान किया जाता है।
4. उक्त सभी खेलों में विद्यार्थियों को महाविद्यालयों की तरफ से खेल पोशाक उपलब्ध कराई जाती है। जिस भी छात्र–छात्रा का जिला/संभाग राज्य की टीम में चयन होता है उसको हर लेवल पर खेल पोशाक प्रदान की जाती है।
5. राज्य/विश्वविद्यालय की टीम में चयन होने पर महाविद्यालय की तरफ से विद्यार्थियों को मोमेंटो, सर्टिफिकेट अथवा ट्रैक सूट प्रदान किया जाता है।
6. विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर बनने हेतु महाविद्यालय में सत्र 2023–24 से पी. जी. डिप्लोमा इन योगा कोर्स शुरू किया गया है जिससे विद्यार्थी इस कोर्स का लाभ लेकर अपना खुद का योग सेंटर या स्कूल अथवा कॉलेज में योग प्रशिक्षण का कार्य कर सकेंगे।
7. महाविद्यालय में कीडा गतिविधियों का सुचारू संचलन सुनिश्चित करने हेतु महाविद्यालय में डॉ. अनुपम शर्मा तथा शोभदा भौसले पदस्थ है।

(डॉ. अजय अग्रवाल)
विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी
उच्च शिक्षा, मध्यप्रदेश